**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**24.06.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

**मुख्य समाचार**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने देखी भारत की ताकत– रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है देश।**
- **शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी स्कूलों में प्रातःकालीन सभाओं के दौरान दैनिक समाचार पढ़ने के दिए निर्देश।**
- **विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं देने में नाकाम रहने का लगाया आरोप।**
- **प्रदेश के सभी भागों में आज से दक्षिण–पश्चिमी मॉनसून ने दी दस्तक– 30 जून तक भारी वर्षा की संभावना।**

**प्रधानमंत्री–शताब्दी समारोह**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने यह साबित कर दिया है कि देश के लोगों का खून बहाने वाले आतंकवादियों के लिए कोई भी जगह सुरक्षित नहीं है। नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में भारत की दो महान आध्यात्मिक और नैतिक हस्तियों श्री नारायण गुरु और महात्मा गांधी के बीच ऐतिहासिक वार्तालाप के शताब्दी समारोह को संबोधित किया। अधिक ब्यौरे के साथ हमारी सहयोगी

डिस्पैच– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दुनिया ने हाल ही में भारत की ताकत देखी है क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर ने वैश्विक मंच पर आतंकवाद के खिलाफ देश की दृढ़ और अडिग नीति को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया है। उन्होंने कहा कि देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है और यह बदलाव ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

***दुनिया ने यह भी देखा है कि भारत का सामर्थ्य क्या है। ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की कठोर नीति को दुनिया के सामने एकदम स्पष्ट कर दिया है। हमने दिखा दिया है कि भारतीयों का खून बहने वाले आतंकियों के लिए कोई भी ठिकाना सुरक्षित नहीं है। आज का भारत देश हित में जो भी हो सकता है और जो भी सही है उसके हिसाब से कदम उठाता है। आज सैन्य जरूरतों के लिए भी भारत की विदेश पर निर्भरता लगातार कम हो रही है। हम डिफेंस सेक्टर में आत्मनिर्भर हो रहे हैं और इसका प्रभाव हमने ऑपरेशन***

***सिंदूर के दौरान भी देखा है। हमारी सेनाओं ने भारत में बने हथियारों से दुश्मन को 22 मिनट में घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया। मुझे विश्वास है आने वाले समय में मेड इन इंडिया हथियारों का डंका पूरी दुनिया में बजेगा।***

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्र की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए श्री नारायण गुरु की शिक्षाओं को प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि श्री नारायण गुरु के आशीर्वाद और शिक्षाएं अमृत काल के दौरान राष्ट्र का मार्गदर्शन करती रहेंगी।

***इस ऐतिहासिक अवसर पर मैं श्री नारायण गुरु के चरणों में प्रणाम करता हूं। मैं गांधी जी को भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। श्री नारायण गुरु के आदर्श पूरी मानवता के लिए बहुत बड़ी पूंजी है, जो लोग देश और समाज की सेवा के संकल्प पर काम करते हैं श्री नारायण गुरु उनके लिए प्रकाश स्तंभ की तरह है।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री नारायण गुरू और महात्मा गांधी के बीच हुई ऐतिहासिक बातचीत ने स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा प्रदान की।

## प्रातःकालीन सभा

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देश पर शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी स्कूलों को प्रातःकालीन सभा के दौरान दैनिक समाचार पढ़ने के निर्देश दिए है। कुल्लू ज़िले के बागा–सराहन में मुख्यमंत्री द्वारा किए गए स्कूल के औचक निरीक्षण के बाद ये निर्णय लिया गया। शिक्षा विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि विद्यार्थियों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने उनके सामान्य ज्ञान के स्तर पर असंतोष व्यक्त किया था। प्रातःकालीन सभा में दैनिक समाचार पढ़ने से विद्यार्थियों को सम–सामयिक घटनाओं की जानकारी मिलने के अलावा उनके सामान्य ज्ञान में भी बढ़ौतरी होगी।

## संविधान–हत्या दिवस

कल 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाया जाएगा। यह दिवस 25 जून 1975 को संविधान को कुचलने की घटनाओं का स्मरण कराता है। इस दिन उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी जाती है, जिन्होंने आपातकाल के कारण ज्यादतियों का सामना किया था। ये भारतीय इतिहास का सबसे काला समय था। इस दिन उन सभी लोगों के योगदान को भी याद किया जाता है, जिन्होंने आपातकाल के अमानवीय दर्द को सहन किया था।

## आपातकाल–भाजपा

इस बीच प्रदेश भाजपा कल आपातकाल के 50 वर्ष पूरा होने पर कई कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। पार्टी के प्रदेश महासचिव त्रिलोक कपूर ने बताया कि इस दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत कल धर्मशाला में केंद्रीय सहकारिता और सड़क परिवहन राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर विभिन्न कार्यकर्ताओं को दायित्व दिए गए हैं। इस दौरान कार्यक्रम में पौधारोपण, प्रैस वार्ता, काल्पनिक संसद का उद्‌घाटन और सेमिनार व लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान शामिल है। इसी प्रकार 26 जून को शिमला में केंद्रीय अल्पसंख्यक व संसदीय मामले मंत्री किरण रिजिजू उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर विशेष रूप से भाग लेंगे।

## वीरभद्र श्रद्धांजलि

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज शिमला ज़िले के रामपुर स्थित पदम पैलेस में पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाग लिया। राज्यपाल ने कहा कि वीरभद्र सिंह एक प्रखर राजनेता और दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विकास में वीरभद्र सिंह के योगदान को हमेशा याद किया जाएगा और उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत रहेगा। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया सहित राज्य सरकार के अनेक मंत्री और विधायक भी मौजूद रहे। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने राज्यपाल सहित अन्य मेहमानों का स्वागत किया।

## जयराम

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं देने और सरकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से चलाने में नाकाम रहने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर कांग्रेस सरकार ने मरीज़ों को आय का साधन बना लिया है और अस्पतालों में अनेक प्रकार के शुल्क लगाए जा रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार पूर्व भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई हिमकेयर योजना को चलाने में नाकाम रही है और स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं। विपक्ष के नेता ने कहा कि शिमला के आई.जी.एम.सी. में मरीज़ों को मिलने वाले भोजन के शुल्क में भी राज्य सरकार बढ़ौतरी करने जा रही है। उन्होंने फिन्ना सिंह परियोजना में भी धांधलियों का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से इसकी जांच करवाने की मांग की है। जयराम ठाकुर ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपों पर सरकार को गंभीरता दिखानी चाहिए और प्रदेश का हित ही सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होती है।

**कंगना रनौत**

सांसद कंगना रनौत ने कुपोषण मुक्त भारत के तहत आज कुल्लू ज़िले के शाढ़ाबाई में महिलाओं को पोषण किटें प्रदान कीं। उन्होंने कहा कि कुपोषण मुक्त भारत अभियान के तहत मंडी संसदीय क्षेत्र में 17 हज़ार से अधिक पोषण किटें प्रदान की जाएंगी। कंगना रनौत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुपोषण मुक्त भारत अभियान चलाया है और इसका उद्देश्य कुपोषण को जड़ से समाप्त करना है।

**मॉनसून**

प्रदेश के सभी भागों में दक्षिण–पश्चिमी मॉनसून ने आज से दस्तक दे दी है। इसके चलते राज्य के अनेक भागों में आज वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने आज से 30 जून तक राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में मॉनसून की भारी वर्षा होने की संभावना जताई है। इस दौरान लाहौल–स्पिति और किन्नौर ज़िलों को छोड़कर अन्य सभी ज़िलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया गया है। ऊना, हमीरपुर, चंबा, कांगड़ा, सिरमौर व बिलासपुर के कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है।

**आयुष्मान भारत**

केंद्रीय सड़क परिवहन व राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क दुर्घटनाओं में शिकार लोगों को आयुष्मान भारत योजना में शामिल करने का प्रावधान किया है। इसके मुताबिक सड़क हादसों में घायल लोगों का सूचीबद्ध अस्पतालों में डेढ़ लाख रूपये तक का मुफ्त ईलाज करवाया जा सकता है। सड़क हादसों में घायल होने के 7 दिन के भीतर इस सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है। हमीरपुर के उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बताया कि हिमाचल में भी स्वास्थ्य विभाग इस योजना को लागू कर रहा है।

***स्वास्थ्य विभाग की तरफ से भारत सरकार की एक योजना को सर्कुलेट किया गया है जिसके अंतर्गत हालांकि यह मोटर व्हीकल्स एक्ट का ही प्रोविजन है उसमें अगर दुर्घटना में किसी को चोट पहुंचती है और उसका उपचार किसी भी आयुष्मान पैनलड स्वास्थ्य संस्थान में होता है तो उसमें डेढ़ लाख तक का जो भी उसका इलाज में खर्चा होगा वह निशुल्क किया जाएगा इसके बारे में व्यापक प्रचार प्रसार जिला स्तर पर किया जा रहा है जो आगे उनकी दवाइयां है जैसे सिविल सप्लाई की दुकान से या और किसी केमिस्ट से लेना है तो वो उसी वक्त तो उसको तुरंत दिलाई जाए।***

**बम धमकी**

देशभर के न्यायिक परिसरों को ई–मेल पर विस्फोट से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके चलते प्रदेश उच्च न्यायालय शिमला में भी बम निरोधक दस्ते ने मौके पर पहुंचकर तलाशी अभियान चलाया। हालांकि इस दौरान कोई भी विस्फोटक सामग्री प्राप्त नहीं हुई।

## होमगार्ड

प्रदेश में वर्ष 2015 के बाद पहली बार होमगार्ड की भर्ती की जा रही है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश मंत्रिमंडल ने गृह रक्षा व नागरिक सुरक्षा विभाग में होमगार्ड के 7 पद भरने को मंजूरी दी है। प्रवक्ता ने कहा कि प्रदेश में इस समय होमगार्ड स्वयंसेवकों की संख्या 8 हज़ार है। राज्य सरकार ने नए होमगार्ड स्वयंसेवकों के पारिश्रमिक और अन्य संबंधित लागतों के लिए 24 करोड़ रूपये का बजट आबंटित किया है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने देखी भारत की ताकत– रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है देश।**
- **शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी स्कूलों में प्रातःकालीन सभाओं के दौरान दैनिक समाचार पढ़ने के दिए निर्देश।**
- **विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं देने में नाकाम रहने का लगाया आरोप।**
- **प्रदेश के सभी भागों में आज से दक्षिण–पश्चिमी मॉनसून ने दी दस्तक– 30 जून तक भारी वर्षा की संभावना।**

---------------------------------------------------------------------------------------------------